प्रदर्शनी | विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर आयोजन , रेलवे स्टेशन में लगाई गई व्यसन मुक्ति चित्र प्रदर्शनी

चित्र प्रदर्शनी से दिया नशा मुक्त जीवन जीने का संदेश

▸ यात्रियों ने व्यसन मुक्त जीवन अपनाने का लिया संकल्प

नवभारत,जबलपुर। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर शनिवार को जबलपुर मुख्य रेलवे स्टेशन में ब्रह्माकुमारीज के मेडिकल प्रभाग एवं नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत व्यसन मुक्ति चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्देश्य यात्रियों एवं आमजन को तंबाकू, धूम्रपान तथा अन्य व्यसनों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना था। प्रदर्शनी में विभिन्न चित्रों, संदेशों एवं जागरूकता सामग्री के माध्यम से नशे से होने वाली शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक हानियों की जानकारी दी गई। इस दौरान बड़ी संख्या में यात्रियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर व्यसन मुक्त जीवन अपनाने का संकल्प लिया।

प्रदर्शनी का शुभारंभ रविकांत कुमार एवं संजय जायसवाल (उप स्टेशन मास्टर, कॉमर्शियल), डी. डी. अहिरवार (पी/यार्ड, मैकेनिकल) तथा श्री शुक्ला (आरपीएफ स्टाफ) द्वारा किया गया। अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर व्यसन मुक्ति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के इस प्रयास की सराहना की तथा इसे समाजहित में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

आध्यात्मिक ज्ञान से किया जा सकता है नशा दूर

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्रह्माकुमारी विमला दीदी ने कहा कि किसी भी प्रकार का नशा जीवन के विनाश का कारण बनता है। नशे का सेवन करने वाला व्यक्ति शारीरिक, मानसिक, आर्थिक, सामाजिक तथा नैतिक रूप से पतन की ओर बढ़ने लगता है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक ज्ञान एवं राजयोग ध्यान के अभ्यास से व्यक्ति व्यसन की आदतों पर सफलतापूर्वक विजय प्राप्त कर सकता है। कार्यक्रम में अनेक व्यक्तियों ने अपने जीवन से तंबाकू एवं धूम्रपान को त्यागने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में बीके आरती दीदी, बीके बाला दीदी, बीके पूजा दीदी, लेफ्टिनेंट कर्नल विकास राव चौहान, आशीष पाठक भाई, मिथलेश भाई सहित अनेक सेवाधारी एवं गणमान्य नागरिकों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

आज सुबह आयोजित होगा जनजागरूकता कार्यक्रम

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस 31 मई के अवसर पर राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम जबलपुर द्वारा तम्बाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जनसामान्य को जागरूक करने हेतु विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। डॉ. नवीन कोठारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जबलपुर के मार्गदर्शन एवं डॉ. प्रशांत दुबे, नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम, जबलपुर के निर्देशन में 31 मई को सुबह 7:30 बजे भंवरताल गार्डन, जबलपुर में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम में तम्बाकू निषेध शपथ, जागरूकता संदेश, स्वास्थ्य शिक्षा गतिविधियाँ तथा तम्बाकू मुक्त समाज के निर्माण हेतु जनभागीदारी को प्रोत्साहित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं आम नागरिकों को तम्बाकू एवं निकोटीन उत्पादों के दुष्प्रभावों तथा तम्बाकू नियंत्रण कानूनों के प्रति जागरूक करना है। राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम द्वारा सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस अभियान में सहभागी बनकर तम्बाकू मुक्त जबलपुर एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में अपना योगदान दें।

बदलते दौर में भी कायम है जनसरोकारों की ताकत

▸ हिंदी पत्रकारिता के 200 साल

नवभारत,जबलपुर। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग में शनिवार को हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर विशेष व्याख्यान एवं विद्यार्थी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विषय 'हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष : दिशा और दशा' रखा गया, जिसमें हिंदी पत्रकारिता के इतिहास, संघर्ष, वर्तमान चुनौतियों और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद वक्ताओं ने हिंदी पत्रकारिता की दो सौ वर्षों की यात्रा को याद करते हुए कहा कि समय के साथ पत्रकारिता के स्वरूप और माध्यमों में बदलाव जरूर आया है, लेकिन उसकी मूल आत्मा आज भी जनसरोकारों से जुड़ी हुई है।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने हिंदी पत्रकारिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी पत्रकारिता ने स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर लोकतंत्र की मजबूती तक हर दौर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रही है। व्याख्यान में सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म के दौर में पारंपरिक पत्रकारिता की चुनौतियों पर भी चर्चा हुई। बताया गया कि सूचनाओं के तेजी से बदलते माहौल में विसनीयता और भाषा की गरिमा बनाए रखना सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर विद्यार्थियों से हिंदी भाषा के अधिकाधिक प्रयोग और संचार माध्यमों में हिंदी को प्राथमिकता देने का आह्वान भी किया गया।

डिजिटल मीडिया के बारे में जाना

पत्रकारिता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थी संवाद सत्र में पत्रकारिता के छात्रों ने मीडिया के बदलते स्वरूप, डिजिटल पत्रकारिता, भाषा की भूमिका और करियर से जुड़े सवाल रखे। संवाद के दौरान पत्रकारिता के व्यावहारिक पक्षों पर विस्तार से जानकारी दी गई, जिससे विद्यार्थियों ने काफी उत्साह के साथ सहभागिता की।

एक नजर में

इफको के उप-महाप्रबंधक हुए सेवानिवृत्त

नवभारत, जबलपुर। इफको जबलपुर के उप-महाप्रबंधक राजेश कुमार मिश्रा 38 वर्ष की लंबी सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए। राजेश कुमार मिश्रा ने जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के अंतर्गत कृषि महाविद्यालय रीवा से साल 1989 में एग्रोनॉमी में स्नातकोत्तर की उपाधि अर्जित की थी। उन्होंने साल 1989 में ही भारत की सबसे बड़ी एवं प्रतिष्ठित उर्वरक निर्माता संस्था इफको में कृषि स्नातक प्रशिक्षु के रूप में अपनी सेवाओं की शुरुआत की थी और राज्य के कई जिलों में अपनी उत्कृष्ट सेवाएं देते हुए उप-महाप्रबंधक (विपणन) के उच्च पद तक का अपना शानदार सफर पूरा किया।

बच्चों के कौशल विकास के लिए लगे शिविर का समापन

नवभारत,जबलपुर। अखिल भारत वर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद् लार्डगंज गंज शाखा द्वारा बच्चों के व्यक्तित्व एवं कौशल विकास के लिए 15 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर एवं कौशल विकास शिविर का समापन सत्येंद्र जैन जग्गू के मुख्य आतिथ्य एवं अनुराग गढ़वाल की अध्यक्षता मे संपन्न हुआ । केंद्रीय कार्य अध्यक्ष डॉक्टर कुसुम जैन , संभाग अध्यक्ष संध्या जैन शांत, साधना बड़कुल, मीना बड़कुल द्वारा आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के तैल्य चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। शिविर के बच्चों द्वारा मंगलाचरण एवं डांस प्रस्तुत किए गए। निशा चौधरी द्वारा ध्वज वंदना की गई । विश्व शांति हेतु 1 मिनट का मौन रखा ।

मुख्य अतिथियों का स्वागत श्रीफल एवं मोतीमाला द्वारा किया गया। वहीं शाखा अध्यक्ष मीना बड़कुल द्वारा शिविर की विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर में कौशल विकास हेतु सुनीता मैक्स द्वारा ढोलक एवं गायन , विनीता चौधरी द्वाराक्राफ्ट ,मंजूषा ने ड्राइंग ,मोली ने कैलीग्राफी, परी आस्था ने डांस ,सोहिता ने मेहंदी का प्रशिक्षण दिया और मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष ने लार्डगंज शाखा द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की । इस दौरान शिविर में भाग लेने वाली 65 बच्चों में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया । शिविर में मुनिश्री 108 निष्कपसागर महाराज की उपस्थिति में एवं बच्चों को आचार्य श्री के चरणों की प्रतिमूर्ति के साथ गिफ्ट भी दिए गए मुनीश्री ने सभी को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में मणी जैन , कल्पना , शशि प्रभा ,संध्या कौशल , सुशीला नेता,मेघा ,अनीता , उपस्थित रहीं । कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष भानुप्रिया जैन एवं आभार प्रदर्शन सचिव संजना जैन द्वारा किया गया। बच्चों को घर मे बना ठंडा पेय दिया गया।

134 से अधिक नागरिकों ने उठाया शिविर का लाभ

नवभारत, जबलपुर। विश्व थायरॉइड सप्ताह पर भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ, जबलपुर द्वारा राइट टाउन स्थित संभागीय कार्यालय में नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं थायरॉइड जांच शिविर का आयोजन किया गया। 'सही समय की सही जांच, स्वस्थ जीवन की सबसे बड़ी पूंजी' के ध्येय वाक्य के साथ आयोजित इस शिविर में 134 से अधिक नागरिकों ने नि:शुल्क स्वास्थ्य लाभ उठाया। इस दौरान वरिष्ठ एंडोक्राइनोलॉजिस्ट एवं डायबिटोलॉजिस्ट डॉ. सत्येंद्र कुमार मिश्रा ने थायरॉइड, मधुमेह एवं जीवनशैली से जुड़ी विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं पर परामर्श देते हुए मरीजों का परीक्षण किया। शिविर में मरीजों की टीएसएच (थायरॉइड), ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर एवं हीमोग्लोबिन की नि:शुल्क जांच की गई, साथ ही स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सुझाव एवं संतुलित आहार संबंधी मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। यह आयोजन चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. अश्वनी कुमार त्रिवेदी के मार्गदर्शन में, प्रदेश संयोजक डॉ. विशाल सिंह बधेल सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत तथा जिला संयोजक डॉ. विवेक जैन के सहयोग से हुआ, जिसका कुशल समन्वय कार्यक्रम प्रभारी डॉ. शुभम अवस्थी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. सदन यादव, डॉ. सुनील बहल, डॉ. विनोद वी.तमकार, डॉ. संजय श्रीवास्तव, डॉ. अंनत त्रिवेदी, डॉ. श्रीकात साहू, डॉ. सचिन बधुलिया, डॉ. आशुतोष पाठक सहित भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, चिकित्सकगण, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

विवेक कृष्ण तन्खा ने छात्रों को किया प्रेरित

▸ आईडीए ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन

नवभारत,जबलपुर। इंटरनेशनल डिजाइन एकेडमी, विजय नगर द्वारा ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन घंटाघर स्थित कन्वेंशन सेंटर में किया गया। इस समारोह में इंटीरियर डिजाइनिंग, फैशन डिजाइनिंग और ग्राफिक डिजाइनिंग जैसी फील्ड में कोर्स कंपलीट करने वाले विद्यार्थियों को डिप्लोमा प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा रहे, जिन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए जीवन में आगे बढ़ने के मंत्र दिए और कहा कि यदि विद्यार्थियों को सही दिशा दी जाए, तो वे निश्चित ही देश का नाम रोशन करेंगे।

एकेडमी डायरेक्टर बतुल अली ने बताया कि आईडीए के इटली और यूएसए जैसे देशों से टाइअप्स हैं, जिससे कई स्टूडेंट्स को इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म मिला है और बड़ी संख्या में डिजाइनर्स इंडस्ट्री में लॉन्च हुए हैं। संस्थान का विद्यार्थी प्रथम व द्वितीय वर्ष में ही इंटर्नशिप के माध्यम से कमाना शुरू कर देता है और बाद में अपना स्टार्टअप प्रारंभ करता है। एकेडमी विद्यार्थियों को गवर्नमेंट की स्किल डेवलपमेंट स्कीम्स का भी लाभ दिलवा रही है।

स्टार्टअप और गारंटीड एम्प्लॉयमेंट से मिली उड़ान

आईडीए छात्र फैशन ब्रांड या इंटीरियर व ग्राफिक्स डिजाइनिंग में स्टार्टअप्स शुरू कर चुके हैं। बतौर प्रोफेशनल स्टूडेंट्स नामी प्रोजेक्ट्स पर कार्यरत हैं, जिससे संस्थान गारंटीड एम्प्लॉयमेंट देने में सफल रहा है। इस अवसर पर कुसई अली, आशा मंझानी, अर्चना मिश्रा, अमृता गुप्ता, काजोल सिंह ठाकुर, वंशिता जैन, आजरा परवीन, सृष्टि जायसवाल, सम्राट सराफ, मुस्कान मतानी, किमी पाण्डेय, निमिशा यादव, एशा धमान, मुर्तज़ा अली और मुस्तफा अली उपस्थित रहे।

युवा राष्ट्र को सर्वोपरि रखें और जिम्मेदार नागरिक बनें

▸ विचार गोष्ठी में वैश्विक संकट पर मंथन

नवभारत जबलपुर। वर्तमान वैश्विक परिस्थितियां अनेक स्तरों पर चिंता पैदा कर रहीं हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध, इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष, पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव और महाशक्तियों के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा ने विश्व व्यवस्था को अस्थिर बना दिया है। ये उदगार तरुण भारत समूह के पूर्व प्रधान संपादक एवं वरिष्ठ पत्रकार सुधीर पाठक ने महाराष्ट्र व्यायाम शाला मढ़ाताल द्वारा आयोजित विचार गोष्ठी मंथन के दौरान व्यक्त किए।

विशेष आमंत्रित वक्ता के रूप में संस्कारधानी पहुँचे वरिष्ठ पत्रकार सुधीर पाठक ने क्या हम तृतीय विश्वयुद्ध की कगार पर हैं इस विषय पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इन घटनाओं का असर केवल संबंधित देशों तक सीमित नहीं है, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार और कूटनीतिक संबंधों पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है इस मौके पर श्री पाठक ने युवाओं से आह्वान किया कि वे केवल घटनाओं को देखने तक सीमित न रहें, बल्कि वैश्विक परिवर्तनों को समझें और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए संसाधनों के संरक्षण, सामाजिक जागरूकता और जिम्मेदार नागरिक की भावना को मजबूत करें। कार्यक्रम के अंत में संकट मोचन वीर हनुमान की विशेष आरती की गई तथा श्रद्धालुओं को खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर महाराष्ट्र व्यायाम शाला के पदाधिकारी, सदस्य तथा शहर के अनेक गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

फातिमा माता मरियम की वार्षिक भक्ति का समापन

नवभारत,जबलपुर। जबलपुर में सेंट थॉमस स्कूल परिसर स्थित फातिमा की माता मरियम के तीर्थस्थल में मई माह की वार्षिक भक्ति का भव्य एवं भक्तिमय समापन माता मरियम के भक्तों की विशाल भीड़ की उपस्थिति में संपन्न हुआ। नौदिवसीय प्रार्थनाओं तथा दर्शन के पर्व दिवस के बाद मई माह के अंतिम शनिवार को महापर्व दिवस के पावन ख्रीस्तयाग के मुख्य याजक जबलपुर धर्मप्रान्त के पूर्व धर्माध्यक्ष बिशप जेराल्ड अलमेडा ने भक्तजनों की विशाल उपस्थिति में पावन ख्रीस्तयाग अर्पित करते हुए कहा कि फातिमा माता मरियम के पावन नाम पर हम सभी यहां उपस्थित हुए हैं। माता मरियम का सहारा खोजने उनकी मध्यस्थता से प्रार्थना करने तथा उनकी सेवा भावना को हम याद करने विशेषकर जब वे एलिजाबेथ से मिलने तथा उनकी सेवा के लिए जाती हैं। क्योंकि उनके गर्भ में प्रभु यीशु रहते हैं। हम सभी की तमन्ना रहती है कि हम प्रभु के कृपापात्र बने। महापर्व दिवस के अवसर पर उपस्थित लगभग 3000 से भी अधिक सभी भक्तों के लिए प्रीतिभोज का भी आयोजन किया गया था। श्राइन प्रबंधन के चैपलिन फादर बिपिन खालको ने माता मरियम के भक्तजनो को मई माह की भक्ति की तथा महापर्व दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं हैं।

भाजपा की कार्यशाला आज

नवभारत,जबलपुर। पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों हेतु भाजपा जबलपुर महानगर की कार्यशाला 31 मई को शाम 5 बजे भाजपा संभागीय कार्यालय रानीताल में आयोजित की गई है । भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने बताया कि 12 वर्ष विश्वास, विकास एवं जनकल्याण के विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला में जिले में निवासरत प्रदेश पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष महामंत्री, मंडल प्रभारी उपस्थित रहेंगे, कार्यशाला को जिला प्रभारी एवं पूर्व सांसद आलोक संजर संबोधित करेंगे ।

3 शिफ्टों में अलर्ट रहे अग्नि सैन्य दल : निगमायुक्त

▸ फायर ऑफिस के औचक निरीक्षण के दौरान दिए निर्देश

नवभारत,जबलपुर। नागरिकों की सुरक्षा और आपातकालीन व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शनिवार को निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने फायर ऑफिस का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने फायर स्टेशन में उपलब्ध अत्याधुनिक सुरक्षा उपकरणों, वाटर टैंक,और लाइफ-सेविंग उपकरणों का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने ऑन-ड्यूटी अधिकारियों से उपकरणों की कार्यप्रणाली की जानकारी ली और यह सुनिश्चित किया कि सभी तकनीकी उपकरण और गाड़ियां हर समय पूरी तरह चालू और दुरुस्त स्थिति में रहें।

24 घंटे तैनात रहेंगे जांबाज

आगामी मौसम और सुरक्षा संवेदनशीलता को देखते हुए निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 24 घंटे लगातार, 3 अलग-अलग शिफ्टों में अग्निशमन दलों को पूरी तरह अलर्ट पर रहने के निर्देश दिये।

आयोजन | कठिन केसों का होगा उपचार, 2 जून को आयोजित होगा कार्यक्रम

दिया जाएगा सीटीओ के जटिल मामलों पर प्रशिक्षण

नवभारत,जबलपुर। गोल्डन हार्ट हॉस्पिटल में 2 जून को मध्य प्रदेश एवं विदर्भ क्षेत्र के हृदय रोग विशेषज्ञों (कार्डियो लॉजिस्टों) के लिए एक विशेष उन्नत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में क्रॉनिक टोटल ऑक्लूज़न यानि सीटीओ के जटिल मामलों के उपचार एवं नवीन तकनीकों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

यह कार्यक्रम एकेडमी ऑफ कार्डियक साइंसेज, जबलपुर एवं गोल्डन हार्ट हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का नेतृत्व वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पुष्पराज पटेल करेंगे, जबकि डॉ सुदीप चौधरी, डॉ सुनील जैन, डॉ. राहुल अशोकराव दारनुले, डॉ. सचिन गवंडे, सहयोगी विशेषज्ञ के रूप में सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम के दौरान सीटीओ के आठ जटिल मामलों का उपचार एवं प्रदर्शन किया जाएगा। ये ऐसे मरीज होंगे जिनमें पारंपरिक एंजियोप्लास्टी अथवा बायपास सर्जरी करना अत्यंत कठिन या संभव नहीं होता है। उन्नत तकनीकों के माध्यम से ऐसे मरीजों का सफल उपचार करने का प्रयास किया जाएगा।

जर्मनी के विशेषज्ञ रहेंगे उपस्थित

इस विशेष कार्यशाला के लिए जर्मनी से विश्वविख्यात इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट एवं सीटीओ विशेषज्ञ प्रोफेसर डॉ. जेराल्ड वर्नर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। वे जर्मनी के प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी हार्ट सेंटर फ्रैंकफर्ट से जुड़े हुए हैं तथा सीटीओ एंजियोप्लास्टी के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान रखते हैं। वे विश्व के विभिन्न देशों में जाकर चिकित्सकों को जटिल सीटीओ प्रक्रियाओं का प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। यह पहल विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि जबलपुर एवं महाकौशल क्षेत्र में पहली बार इस स्तर का उच्च स्तरीय व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

अनुकंपा नियुक्ति के लिए बिजली कंपनियों में बढ़ाएं जाएं पद

नवभारत,जबलपुर। मध्यप्रदेश विधुत कर्मचारी संघ फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक ने कहा कि मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के हित में अनुकंपा नियुक्ति नीति में संशोधन किया गया है। कंपनी ने दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से अनुकंपा नियुक्ति हेतु स्वीकृत पदों की संख्या एवं श्रेणियों का विस्तार किया है, जो सराहनीय है। राकेश डी पी पाठक ने मध्यप्रदेश शासन के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा, ऊर्जा सचिव एवं सभी प्रबंध संचालक गणों का आभार व्यक्त करते हुए आग्रह किया कि इसी तरह ऊर्जा विभाग के अंतर्गत कार्यरत सभी बिजली कंपनियों में भी निर्णय लेकर अनुकंपा नियुक्ति के लिए एक समान पदों को बढ़ाया जाए। जिससे अनुकंपा नियुक्ति का इंतजार कर रहे संबंधित प्रभावित दिवंगत कर्मचारी साथियों के परिवार जनों को इसका समुचित लाभ मिल सकें।

इस मौके पर राकेश डी पी पाठक ने ये भी कहा कि पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा जारी आदेश के अनुसार, वर्ष 2018 की 'अनुकंपा नियुक्ति नीति' में संशोधन करते हुए नई संगठनात्मक संरचना के अंतर्गत विभिन्न तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों को शामिल किया गया है। इस निर्णय से दिवंगत कर्मचारियों के परिवारों को रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध हो सकेंगे तथा उन्हें आर्थिक संबल प्राप्त होगा। संशोधित व्यवस्था के अंतर्गत तृतीय श्रेणी में परीक्षण सहायक, कार्यालय सहायक श्रेणी-3 एवं कनिष्ठ शीघ्रलेखक तथा चतुर्थ श्रेणी में लाइन परिचालक एवं सिविल परिचारक जैसे पदों पर अनुकंपा नियुक्ति दिए जाने का प्रावधान किया गया है। मध्यप्रदेश विधुत कर्मचारी संघ फेडरेशन, जबलपुर के महामंत्री राकेश डी पी पाठक, यू के पाठक, लक्ष्मण सिंह राजपूत, एन के यादव,दिनेश दुबे, उमाशंकर मेहता,आर के कौशिक, उमाशंकर दुबे, रामेश्वर गांगे, सीताराम कुरचानिया, योगेश पटेल, अक्षय श्रीवास्तव, मनोज पाठक, संजय सिंह, दिलीप पाठक,ने पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी जबलपुर के इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे कर्मचारी हित में एक सकारात्मक एवं संवेदनशील पहल बताया है।